हरिभूमि

# सोनीपत भूमि

रोहतक, बुधवार, 29 अक्टूबर 2025

तापमान

अधिकतम 30 .6 डिग्री
न्यूनतम 14 .5 डिग्री

11 खंड स्तरीय खेलों में 21 पदक जीतकर दिखाया दमखम



12 बाल महोत्सव में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा




## खबर संक्षेप

### श्याम बाबा का जन्मोत्सव दो को सिसाना में मनेगा

**खरखौदा।** सिसाना स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर ब्रह्मर्थ धाम में श्री श्याम जन्मोत्सव 2 नवंबर को धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसमें संकीर्तन व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। सेवक प्रदीप ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर भव्य दरबार में इत्र व पुष्प वर्षा, अखंड ज्योत, भव्य रंगोली, 56 भोग का प्रसाद व मनमोहक झांकियों के साथ मेले का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में पंडित सुरेंद्र, रविंद्र ठेकेदार, नरेंद्र, संजय, सोनू कार्यक्रम की व्यवस्था संभालेंगे।

### हादसों में दो लोग घायल रोहतक पीजीआई रेफर

**सोनीपत।** शहर में हुए अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान देवव्रत निवासी जैन बाग कॉलोनी, मोहित निवासी कालूपुर चुंगी के रूप में हुई है। वहीं, ईदगाह कॉलोनी निवासी जीशान को भी हादसे में चोटें आईं। सभी घायलों को राहगीरों की मदद से नागरिक अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचार किया। डॉक्टरों ने घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि ये हादसे तेज रफ्तार और लापरवाही से गाड़ी चलाने के कारण हुए। पुलिस ने दोनों मामलों की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल घायलों के परिजनों को सूचित कर दिया गया है और मामले की जांच जारी है। जल्द ही मामले का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

### हादसे में घायल महिलाएं इलाज के बाद लापता

**सोनीपत।** शहर के मसद मोहल्ला और देव नगर से घायल अवस्था में नागरिक अस्पताल पहुंची दो महिलाएं इलाज के बाद लापता हो गईं। जानकारी के अनुसार, दोनों महिलाओं को अलग-अलग घटनाओं में चोट लगने के बाद स्थानीय लोगों ने अस्पताल पहुंचाया था। चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचार किया, लेकिन थोड़ी देर बाद दोनों बिना किसी को बताए अस्पताल से गायब हो गईं। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, दोनों महिलाओं ने अपना नाम-पता सही तरीके से दर्ज नहीं कराया था, जिससे उनकी पहचान स्पष्ट नहीं हो पाई है। जब स्टाफ ने मरीजों की तलाश की तो दोनों अस्पताल परिसर में नहीं मिलीं। इस बारे में अस्पताल प्रशासन को भी कोई सूचना नहीं दी गई।

### प्रदूषण : सोनीपत में 343 पर पहुंचा एक्यूआई, एक्शन में नगर निगम, ताबड़तोड़ कार्रवाई

# मूंगफली बेचने वालों की भट्टियां ध्वस्त, पांच डेयरी संचालकों पर पांच-पांच हजार जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

सोनीपत में वायु प्रदूषण ने मंगलवार को खतरनाक स्तर छू लिया। जिले का औसत एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 343 दर्ज किया गया, जो कि "बहुत खराब" श्रेणी में आता है। अचानक बढ़े प्रदूषण स्तर के कारण लोगों को सांस लेने में परेशानी, आंखों में जलन और गले में खराश जैसी समस्याएं झेलनी पड़ रही हैं।

- प्रदूषण के कारण लोगों की आंखों में जलन, सांस लेने में परेशानी
- जल्द ही ग्रैप 3 लागू हो सकता है

विशेषज्ञों ने इसे दीपावली के बाद लगातार बढ़ रहे धूलकणों, पराली जलाने और वाहनों से निकलने वाले धुएं का संयुक्त प्रभाव बताया है। जिले में मौजूदा समय में ग्रेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप - 2) लागू है, लेकिन जिस तरह से एक्यूआई ने 300 पार की छलांग लगाई है, उससे जल्द ही ग्रैप 3 लागू हो सकता है। प्रशासन ने जनता से अपील की है कि अनावश्यक वाहन प्रयोग से बचें, कूड़ा न जलाएं और प्रदूषण नियंत्रण में प्रशासन का सहयोग करें, ताकि शहर की हवा को फिर से स्वच्छ बनाया जा सके। दूसरी ओर ग्रैप 2 उल्लंघन करने वालों पर नगर निगम ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। निगम ने सड़क किनारे झोपड़ी डाल भट्टियों में पकाकर मूंगफली बेच रहे सात लोगों पर कार्रवाई की। उनका सामान जब्त करने के साथ भट्टियों को भी ध्वस्त किया गया। वहीं, देवडू में नाले में गोबर बहाने वाले पांच डेयरी संचालकों पर पांच-पांच हजार रुपये का जुर्माना किया। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों के अनुसार, जिले में हवा की गति धीमी होने के कारण प्रदूषक तत्व वातावरण में ठहर गए हैं। साथ ही निर्माण कार्य, कूड़ा जलाने और वाहनों का अत्यधिक उपयोग प्रदूषण को और बढ़ा रहा है।






### सुबह और शाम पर आसमान में छाए रही धुंध की हलकी परत

शहर के विभिन्न इलाकों में प्रदूषण का असर स्पष्ट दिखाई दे रहा है। सुबह और शाम के समय आसमान में धुंध की हलकी परत दिखाई दे रही है। जिससे दृश्यता भी कम हो रही है। बताया गया है कि आसमान में बादल भी छाए हुए हैं, वहीं हवा भी नहीं चल रही। इसी वजह से वातावरण में प्रदूषण बढ़ रहा है। आने वाले दिनों में बारिश के बाद ही प्रदूषण का स्तर कम होने की उम्मीद है।अस्पतालों में सांस, दमा और एलर्जी के मरीजों की संख्या में भी वृद्धि दर्ज की गई है। सिविल अस्पताल के चिकित्सकों ने बताया कि पिछले एक सप्ताह में ऐसे मरीजों की संख्या लगभग 25 प्रतिशत बढ़ गई है। चिकित्सकों ने बुजुर्गों, बच्चों और हृदय रोगियों को विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी है। क्योंकि प्रदूषण की वजह से सबसे अधिक समस्या बुजुर्गों और बच्चों को होती है।

### ग्रैप 2 का उल्लंघन करने वालों पर सख्ती

नगर निगम की टीम ने मंगलवार को कामी रोड, मुरथल रोड और सेक्टर 14-15 डिवाइडिंग रोड पर भट्टियों में पकाकर मूंगफली बेचने वालों पर कार्रवाई की। शहर में विभिन्न मार्गों पर फुटपाथी दुकानदार पाबंदी के बावजूद भट्टियों में मूंगफली पकाकर बेच रहे थे। इस दौरान नगर निगम की टीम ने उनका सामान जब्त किया और वहां पर भट्टियों को ध्वस्त कराया। नगर निगम की ओर से गांव देवडू में नाले में गोबर बहाने वाले पांच डेयरी संचालकों पर पांच-पांच हजार रुपये का जुर्माना किया गया। गोबर बहाकर गंदगी फैला रहे डेयरी संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। नाले में गोबर बहाना राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) के नियमों का उल्लंघन है। इससे पहले नगर निगम ने पांच डेयरी संचालकों को गोबर बहाने से रोकने के लिए दो बार नोटिस जारी किए थे। उसके बाद भी डेयरी संचालक नगर निगम के नोटिसों का पालन नहीं कर पा रहे थे।



### सीवर व नालों में बहा रहे पशुओं का गोबर

डेयरी संचालकों की ओर से गोबर को सीवर व नालों में बहा दिया जाता है। जिससे वहां पर सीवर ओवरफ्लो व नाले भरे रहते है जिससे आमजन को काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है। वहीं भट्टियों के जरिये प्रदूषण बढ़ रहा है। -**सुंदर मलिक**, सफाई निरीक्षक, नगर निगम, सोनीपत

### नियमों का पालन करें

जिले के आसमान में बादल छाए हुए हैं और हवा भी नहीं चल रही। इसी वजह से प्रदूषण का स्तर बढ़ गया है। अभी ग्रैप 2 लागू है, एक दो दिन और इसी तरह से एक्यूआई अधिक रहता है तो ग्रैप 3 की पाबंदियां लागू हो जाएंगी।

## नाबालिग से दुष्कर्म व जान से मारने की धमकी, केस दर्ज

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने व उसे जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। लड़की के पिता ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। एक व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि उसकी 17 वर्षीय बेटी कई दिनों से गुमसुम रहने लगी। जब उससे पूछताछ की तो उसने बताया कि मकान के पास वाली गली में रहने वाला किशोर उसे बहला फुसलाकर होटल में ले गया। जहां उसके साथ दुष्कर्म किया। उसके बाद किसी से कुछ बताने पर जान से मारने की धमकी दी। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। सिविल लाइन थाना पुलिस ने इस संबंध में कार्यवाही करते हुए आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। वहीं लड़की का मेडिकल करवाकर अदालत में बयान दर्ज करवाएं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। जल्द से जल्द आरोपित को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### डॉ. तलवाड़ के नेत्र हो गए अमर

**सोनीपत।** महात्मा आशानन्द वधवा हिन्दू मंच एवं दृष्टि सेवा समिति सोनीपत के तत्वावधान में स्वर्गीय डॉ. सुन्दर श्याम तलवाड़ का मृत्युपरांत नेत्रदान करवाया गया। सेक्टर 12 निवासी डॉ. सुंदर श्याम तलवाड़ का नेत्रदान उनके सुपुत्र दीपक तलवाड़, पुत्रवधू कुलवंत तलवाड़, शशि बेहल बेटी, विनोद बेहल दामाद एवं ज्योति मल्होत्रा बेटी, अनिल मल्होत्रा दामाद की सहमति से नेत्रदान करवाया गया। हिन्दू मंच प्रधान हरिचन्द स्नेही, हर भगवान रहेजा महासचिव एवं नरेन्द्र भूटानी महासचिव दृष्टि सेवा समिति की प्रेरणा से नेत्रदान श्राफ नेत्र बैंक दिल्ली के नेत्र विशेषज्ञ डॉ. नरेन्द्र कुमार लोहमोर एवं उनकी टीम पहुंचीं।



# किशोर की गर्दन पर चढ़ाई बाइक, हालत गंभीर प्राथमिक उपचार के बाद रोहतक पीजीआई रेफर

### बस स्टैंड के पास वारदात, सीसीटीवी में आरोपी कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

शहर के बस स्टैंड के पास आधी रात को एक किशोर से मारपीट कर उसकी गर्दन पर बाइक चढ़ाने की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। वारदात पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। आरोपित युवक वारदात को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गया। घायल किशोर को गंभीर हालत में रोहतक पीजीआई रेफर किया गया है। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपित अजय निवासी कोट मोहल्ला का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।



### आरोपी गिरफ्तार, तीन दिन के रिमांड पर

बस स्टैंड के पास रहने वाले 17 वर्षीय गौरव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 25 अक्टूबर की रात वह अपने दोस्त के जन्मदिन की पार्टी से घर लौट रहा था। करीब एक बजे जब वह बस स्टैंड के पास गली के मोड़ पर पहुंचा, तो कोट मोहल्ला निवासी अजय नागर ने बाइक रोककर उसे रास्ते में रोक लिया। अजय ने पुरानी रंजिश के चलते पहले गाली-गलौज की और विरोध करने पर गौरव के साथ मारपीट शुरू कर दी। गौरव के मुताबिक, अजय ने उसके चेहरे पर किसी ठोस चीज से वार किया, जिससे वह सड़क पर गिर गया। इसके बाद अजय ने उसकी गर्दन पर बाइक का टायर चढ़ा दिया। आरोप है कि अजय ने दो बार बाइक का टायर उसकी गर्दन पर चढ़ाया और उसे मरा समझकर वहां से फरार हो गया। कुछ देर बाद वह दोबारा लौटा और लात मारकर देखा कि गौरव जीवित है या नहीं, फिर मौके से भाग गया। आसपास के लोगों ने गौरव को सड़क पर पड़ा देखा तो उसे अस्पताल पहुंचाया।

## ब्रेकर की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



**सोनीपत।** चिटाना गांव में नहर के पुल के पास रोड पर ब्रेकर बनाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने मंगलवार को विरोध प्रदर्शन किया। जिला पार्षद संजय बड़वासनिया के नेतृत्व में प्रदर्शनकारी ग्रामीणों ने बताया कि ब्रेकर ना होने के कारण यहां कई बार हादसे हो चुके हैं। हादसों की वजह से कई लोगों की मृत्यु भी हो चुकी है। लोगों ने चेतावनी दी कि प्रशासन जल्द से जल्द कार्रवाई करें अन्यथा सोनीपत उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर संदीप, सुरेंद्र, विकास, कुलदीप, नरेंद्र, जोगेंद्र, सुरेश आदि उपस्थित रहे।

## खरखौदा को गोहाना में शामिल करने का करेंगे विरोध, धरना देगी कमेटी



**खरखौदा।** राज्य सरकार ने हरियाणा दिवस पर एक नवंबर को प्रस्तावित तीन जिलों- गोहाना, डबवाली, हांसी में से एक को नया जिला बनाने की घोषणा करने की संभावना है। इसी कारण खरखौदा व आसपास के गाँवों को चिंता है कि कहीं गोहाना को नया जिला बनाकर खरखौदा को उसमें शामिल ना कर दिया जाए। इसी मुद्दे को लेकर मंगलवार को जागृति स्थल पर संघर्ष कमेटी की बैठक हुई। जिसमें निर्णय लिया गया कि 30 अक्तूबर से 1 नवंबर तक उपमंडल कार्यालय के बाहर न केवल 3 दिन का सांकेतिक धरना दिया जाएगा बल्कि खरखौदा को किसी भी हालत में गोहाना जिले का हिस्सा नहीं बनने दिया जाएगा।

### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचेंगे

# अमर बलिदानी कुशाल सिंह दहिया के शहीदी दिवस पर 14 को होगा राज्यस्तरीय कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राई

धर्म और मानवता की रक्षा करने के लिए अपने शीश का दान करने वाले अमर बलिदानी दादा कुशाल सिंह दहिया के 350वें बलिदान दिवस पर राई एजुकेशन सिटी में 14 नवंबर को राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों के मद्देनजर मंगलवार को हवन यज्ञ के साथ कार्यक्रम स्थल का भूमि पूजन किया गया, जिसमें भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, नगर निगम मेयर राजीव जैन, ओएसडी विरेन्द्र बढ़खालसा सहित अनेक खापों के प्रतिनिधि व गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। हवन यज्ञ के बाद सभी जातियों के प्रतिनिधियों, प्रदेश की विभिन्न खापों के प्रधानों, सामाजिक-धामिक संस्थाओं व राजनैतिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने इस कार्यक्रम का निमंत्रण देने के लिए प्रदेश भर में यात्रा करने वाली बस को भी रवाना किया। इस बस के माध्यम से कार्यक्रम कमेटी प्रदेश के सभी क्षेत्रों में जाकर कार्यक्रम का निमंत्रण देगी ताकि समाज की एकजुटता के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा लोग शिरकत करें। इस राज्यस्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। मुख्यमंत्री के ओएसडी विरेन्द्र बढ़खालसा ने कहा कि बलिदानी परंपरा को भारत की धरोहर बताते हुए कहा कि दादा कुशाल सिंह दहिया का 350वां बलिदान दिवस न केवल ऐतिहासिक अवसर होगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का दीप भी बनेगा। इस अवसर पर उपायुक्त सुशील सारवान, कैप्टन भूपेन्द्र, मेयर राजीव जैन, भाजपा वरिष्ठ नेता देवेन्द्र कौशिक, भाजपा जिलाध्यक्ष सोनीपत अशोक भारद्वाज, भाजपा जिलाध्यक्ष गोहाना बिजेन्द्र मलिक, पूर्व एसपी अनूप दहिया, योगेश सिलानी, सुरेन्द्र बानिया, खरखौदा नगर पालिका के चेयरमैन हीरालाल, आजाद सिंह नेहरा, रविन्द्र दिलावर, निशांत छौक्कर, नंदकिशोर चौहान, पार्षद सुरेन्द्र मदान, पुनीत राई व तकदीर नरवाल, संजय सिंगला, अनिल सेहरी, दिनेश ठेकेदार, धर्मबीर सैनी, कविता शर्मा, बबीता दहिया, अक्षित दहिया, राजीव अग्रवाल सहित हरियाणा, उत्तप्रदेश, दिल्ली, राजस्थान की अनेक खापों के प्रतिनिधि व गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

**धर्म और मानवता की रक्षा के लिए किया महादान**

### भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व नगर निगम मेयर ने भूमि पूजन में हिस्सा लेकर आहुति डाली



### धर्म, सत्य और राष्ट्र की रक्षा की : बड़ौली

उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर शासन को सशक्त बनाना है। यह न केवल समय की मांग है, बल्कि नए भारत की आकांक्षाओं की पूर्ति का मार्ग भी है। जब शासन को स्थानीय स्तर पर सशक्त किया जाता है, तब योजनाएं केवल फाइलों में नहीं रहतीं, बल्कि जन-जन तक पहुंचती हैं इस दौरान मुख्यमंत्री और केंद्रीय राज्यमंत्री ने 'चिल्ड्रन इन इंडिया 2025' और एनवायरनमेंट एकाउंटिंग ऑन फॉरेस्ट 2025 का विमोचन किया।

## अंकित छिक्कारा ने वर्ल्ड बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में जीता रजत पदक



**गन्नौर।** अंकित का स्वागत करते पूर्व पार्षद अंकित मल्होत्रा।

**गन्नौर।** मुंबई के नरीमन पाइंट स्थित यशवंत राव च्वहान सेंटर में वर्ल्ड नेचुरल बाडी बिल्डिंग फेडरेशन इन इंडिया द्वारा आयोजित वर्ल्ड बाडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में चिरस्मी गांव के अंकित छिक्कारा ने रजत पदक हासिल किया है। यह प्रतियोगिता 25 अक्टूबर को आयोजित हुई थी, जिसमें देश और विदेशों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। अंकित ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि वह इससे पहले दो बार राष्ट्रीय स्तर पर भी पदक जीत चुके हैं। इस प्रतियोगिता की तैयारी के लिए वह पिछले तीन वर्षों से लगातार मेहनत कर रहे थे। अंकित ने कहा कि फेडरेशन द्वारा जल्द ही दुबई में एक नई प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसमें उन्हें सीधे भाग लेने का मौका मिलेगा। अंकित मंगलवार को गन्नौर जिम पहुंचे, जहां पूर्व पार्षद अंकित मल्हौत्रा ने उनका स्वागत करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की ।

### मनीष हत्याकांड में दो आरोपी गिरफ्तार

# चाकू से गोदकर हत्या, पुलिस ने आरोपियों को रिमांड पर लिया


हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

जिले की क्राइम यूनिट वेस्ट सीआईए-1 पुलिस ने युवक की चाकू मारकर हत्या करने के मामले में दो और आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान हर्ष निवासी गांव आसन, जिला रोहतक (हाल तिरंगा चौक, सोनीपत) और आकाश उर्फ हैप्पी निवासी ककरोई रोड, सोनीपत के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से दोनों को चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है।पुलिस के अनुसार, 4 अक्टूबर 2025 को सत्यनारायण निवासी रिठाल रोहतक ने थाना सिविल लाइन में शिकायत दी थी कि उसका बेटा मनीष रोज की तरह गैलेक्सी कोचिंग सेंटर, सुभाष चौक, सोनीपत पढ़ने गया था। दोपहर करीब 2.30 बजे सूचना मिली कि सारंग रोड पर हांडा अस्पताल के सामने कुछ युवकों ने मनीष पर चाकुओं से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल मनीष की अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो गई थी।




### अब तक पांच काबू

घटना के बाद थाना सिविल लाइन में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान क्राइम यूनिट वेस्ट (सीआईए-1) की टीम, उपनिरीक्षक आजाद के नेतृत्व में, पहले ही तीन आरोपित मोनू उर्फ कैरा, देव और सागर को गिरफ्तार कर चुकी थी। अब पुलिस ने अन्य दो आरोपितों हर्ष और आकाश उर्फ हैप्पी को भी गिरफ्तार कर लिया है। दोनों को अदालत में पेश कर रिमांड की अपील की। अदालत ने आरोपितों को चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस अब वारदात में प्रयुक्त हथियारों की बरामद करेगी।



# 30 साल बाद फिर सिनेमाघरों में दस्तक देगी 'रंगीला'

**मुंबई।** आमिर खान, उर्मिला मातोंडकर और जैकी श्रॉफ स्टारर सुपरहिट फिल्म 'रंगीला' एक बार फिर सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। अपनी रिलीज के ठीक 30 साल बाद रंगीला सिनेमाघरों में वापसी कर रही है। इस बार दर्शक इस फिल्म को नए 4के एचडी रीस्टोर्ड वर्जन में देखे सकेंगे। रामगोपाल वर्मा द्वारा निर्देशित रंगीला 28 नवंबर को सिनेमाघरों में री-रिलीज होगी। रंगीला साल 1995 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। एआर रहमान के संगीत से सजी इस फिल्म में शहरी महत्वाकांक्षाओं और सपनों को दिखाया गया था। फिल्म की कहानी उस वक्त काफी पसंद की गई थी और रंगीला बॉक्स ऑफिस पर भी सफल रही थी।



लाइफ Style

# सोनम

## बॉलीवुड डेब्यू के लिए बेलने पड़े खूब पापड़

एजेंसी ⏭ मुंबई

अभिनेत्री सोनम बाजवा पंजाबी इंडस्ट्री का बड़ा नाम हैं। इन दिनों उन्हें फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत' में देखा जा रहा है। पंजाबी इंडस्ट्री में अच्छा-खासा काम कर चुकीं सोनम को बॉलीवुड में आने के लिए काफी लंबा इंतजार करना पड़ा। इस बारे में बात कर उनका दर्द छलक आया।

अभिनेत्री सोनम बाजवा ने दावा किया कि हिंदी फिल्म इंडस्ट्री को पंजाब फिल्म इंडस्ट्री में उनके काम के बारे में पता नहीं था। बॉलीवुड के लोगों को वे सिर्फ सिनेमा के लिए एक ग्लैमरस फेस लगीं। एक इंटरव्यू में सोनम ने बताया कि पंजाबी सिनेमा में अलग-अलग तरह की फिल्में करने के बावजूद हिंदी फिल्ममेकर्स को उन्हें उनकी ग्लैमरस इमेज से हटकर देखना मुश्किल लगता था। इसके चलते सोनम को बॉलीवुड डेब्यू से पहले लंबा इंतजार करना पड़ा। सोनम बाजवा ने कहा, 'मैंने इतने वर्षों तक इंतजार किया, ताकि मुझे एक ऐसी हिंदी फिल्म मिले, जिसमें मेरे पास कुछ करने को हो। एक एक्टर के तौर पर भी, न कि सिर्फ इसलिए कि मैं अच्छी दिखती हूं या ग्लैमरस हूं। जब भी मेरे पास ऑफर आते थे, तो हमेशा ऐसा लगता था कि हिंदी सिनेमा में लोगों ने मेरा पंजाबी काम सच में देखा ही नहीं है। इसलिए, उनके लिए मुझे एक नॉन-ग्लैमरस रोल में सोचना भी मुश्किल था'। सोनम बाजवा ने बॉलीवुड फिल्ममेकर्स के बीच लगातार हो रही टाइपकास्टिंग पर नाराजगी जताई, जिससे हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में उन्हें परफॉर्मेंस वाले रोल मिलने के मौके कम हो गए हैं।

हॉलीवुड मसाला



# नए लुक में 22 साल के दिख रहे

**लॉस एंजिल्स।** जस्टिन बीबर इन दिनों अपने लुक से चर्चा बटोर रहे हैं। वो सैन डिएगो में अपनी वाइफ हैली बीबर के साथ थे। वो डिजॉन के गानों पर झूम रहे थे। उनके क्लीन शेव लुक पर फैंस मर मिटे हैं। फैंस कह रहे हैं कि वो 22 साल के जवान लग रहे हैं। पॉप आइकन जस्टिन बीबर एक बार फिर चर्चा में हैं। इस बार उन्होंने अपने लुक से सभी का ध्यान खींचा है। वो सैन डिएगो में डिजॉन के कॉन्सर्ट में अपनी वाइफ हैली बीबर के साथ झूम रहे थे। उनके नए लुक से फैंस उनके दीवाने हो गए हैं।



# ए क्रिसमस केरोल से की कॅरियर की शुरुआत

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की मशहूर अदाकारा जून लॉकहार्ट अब हमारे बीच नहीं रहीं। 100 साल की उम्र में उन्होंने कैलिफोर्निया के सांता मोनिका स्थित अपने घर में आखिरी सांस ली। उनके चेहरे की मुस्कान और आंखों की चमक ने पीढ़ियों तक दर्शकों का दिल जीता। जून लॉकहार्ट उन कुछ अभिनेत्रियों में से थीं जिन्होंने सिनेमा के स्वर्ण युग से लेकर आधुनिक टीवी युग तक, हर दौर में अपनी पहचान बनाए रखी। 1938 में परिवार के साथ उन्होंने 'अ क्रिसमस केरोल' से अपने कॅरियर की शुरुआत की और पहले ही प्रोजेक्ट से दर्शकों को उन्हें इंप्रेस किया था। 1950 और 60 के दशक में जून लॉकहार्ट टीवी की दुनिया का जाना-पहचाना नाम बन चुकी थीं। सीरीज 'लेजी' में उन्होंने रुथ मार्टिन का किरदार निभाया जिसे दर्शकों ने काफी प्यार दिया।



# शाहरुख से मिलना चाहते हैं एनरिक

**मुंबई।** विश्व प्रसिद्ध पॉप स्टार एनरिक इग्लेसियस 21 साल बाद मुंबई में वापसी कर रहे हैं। वह 29 और 30 अक्तूबर को बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स के एमएमआरडीए ग्राउंड्स में कॉन्सर्ट करेंगे। यह वही जगह है जहां उन्होंने 2004 में आखिरी बार प्रदर्शन किया था। उनके प्रशंसक काफी उत्साहित हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एनरिक, जो बॉलीवुड के बड़े प्रशंसक हैं, इस दौरान शाहरुख खान, गौरी खान और उनके बच्चों-आर्यन, सुहाना और अबराम से मिलने की योजना बना रहे हैं। यह उनकी तीसरी भारत यात्रा है। वे मुंबई की संस्कृति और आध्यात्मिकता को करीब से जानना चाहते हैं। इसके लिए वे कोलाबा कॉजवे, सिद्धिविनायक मंदिर और गांधी संग्रहालय भी जाएंगे। पहले शो के टिकट कुछ ही घंटों में बिक गए हैं, जिसके बाद दूसरा शो भी जोड़ा गया।



# पूरी फीस कैंसर पीड़ित बच्चों को किया दान

**मुंबई।** विवेक ओबेरॉय इन दिनों अपनी कई आगामी फिल्मों को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। जिनमें नमित मल्होत्रा की 'रामायण', प्रभास के साथ 'स्पिरिट' और फिल्म 'मस्ती 4' शामिल है। नितेश तिवारी द्वारा निर्देशित फिल्म 'रामायण' में विवेक रावण के भाई विभीषण की भूमिका निभाएंगे। विवेक ओबेरॉय ने एक इंटरव्यू में कहा, 'मैंने निर्माता नमित मल्होत्रा से कहा कि मुझे विभीषण की भूमिका के लिए एक पैसा नहीं चाहिए। पूरी फीस मैं कैंसर पीड़ित बच्चों के लिए दान करूंगा। मुझे उनका काम पसंद है और यह फिल्म भारतीय सिनेमा को दुनिया में चमकाएगी। पहली भाग की एडिटिंग पूरी हो गई। शूटिंग जून 2025 में खत्म हुई। अब वीएफएक्स पर 300 दिन काम होगा। पोस्ट-प्रोडक्शन चल रहा है।' विवेक ने फिल्म को लेकर आगे कहा, ''रामायण' एक ऐतिहासिक फिल्म है।

टीवी मसाला



# बाहर आते ही बसीर ने तान्या के गेम को किया एक्सपोज

**नई दिल्ली।** बसीर अली ने शो से बाहर आते ही चुप्पी तोड़ दी है। बाहर निकलते ही उन्होंने एक बातचीत में कई चौंकाने वाले बयान दिए और शो की सच्चाई सामने रखी। उनका कहना है कि घर के अंदर सब कुछ उतना रियल नहीं था, जितना दिखाया गया। एविक्शन पर बात करते हुए बसीर कहते हैं कि वह खुद भी इस नतीजे से शॉक में थे। 'मुझे अब तक यकीन नहीं होता कि मैं एविक्ट हो गया। मुझे नहीं लगता कि ऑडियंस ने मुझे कम वोट दिए। मैंने हमेशा ऑडियंस के लिए सच्चाई से खेला। लेकिन, कई बार रियलिटी शो में रियलिटी पीछे रह जाती है और नैरेटिव जीत जाता है। शायद मेरे साथ भी वही हुआ। मेकर्स का फैसला था। उनके निर्णय को कोई मना नहीं कर सकता, लेकिन दिल में सवाल जरूर हैं। तान्या के गेम पर खुलकर बोलते हुए बसीर ने कहा, 'तान्या बहुत चालाक खिलाड़ी है। वो हर पल सोचती है कि क्या बोलना है, कब रोना है, कब भावुक होना है। उसकी हर हरकत कैमरे के लिए होती है। वो चाहती है कि लोग उसे स्ट्रॉन्ग और इमोशनल समझें, लेकिन असल में वो वैसी नहीं है। घर के अंदर वो ड्रामा करती है, ताकि लोगों को उसकी सहानुभूति मिले। सच्चाई ये है कि तान्या सबसे बड़ी फेक इंसान है। वो अच्छी परफॉर्मर है, लेकिन ईमानदार नहीं। तान्या घर की सबसे बड़ी मैनिपुलेटर है।'बसीर कहते हैं कि आज की दुनिया में सच्चाई को कमजोरी समझा जाता है। 'मुझे हमेशा कहा गया कि थोड़ा डिप्लोमैटिक बनो, लेकिन मैं वैसा नहीं हूं। मैंने जो महसूस किया, वही कहा।

## फिर आया अभिरा -अरमान की जिंदगी में तूफान

**नई दिल्ली।** 'ये रिश्ता क्या कहलाता है'में एक लंबे वक्त के बाद अभिरा और अरमान की जिंदगी में मुश्किलों का दौर खत्म हुआ। लेकिन ,अचानक एक बड़ा तूफान इनकी जिंदगी में आ गया है। एक फेक एआई वीडियो अभिरा और अरमान का वायरल हो रहा है। अभिरा और अरमान के परिवार को एक अश्लील वायरल वीडियो के बारे में पता चलता है। इस वजह से परिवार में हंगामा हो जाता है। इस बात से अरमान और अभिरा भी परेशान हैं। अरमान को समझ नहीं आ रहा है ये क्या हो रहा है? लेकिन अभिरा जल्द ही समझ जाती है कि यह फेक एआई वीडियो है। अरमान इस वीडियो को इंटरनेट से हटाने की कोशिश में लगा है। अरमान और अभिरा का फेक एआई वीडियो बनाने के पीछे कुछ लड़कों का हाथ है। दरअसल, कुछ दिन पहले अरमान और अभिरा डेट पर गए थे। जहां कुछ बिगड़ैल लड़कों से उनकी तू-तू, मैं-मैं होती है।



# नीसा और ओरी ने रीक्रिएट किया 29 साल पुराना फोटोशूट

**मुंबई।** सिनेमा की दुनिया में रिक्रिएशन बड़ी शै है। पुराने गाने रिक्रिएट होते हैं। फिल्मों में सीन रिक्रिएट होते हैं। अब रिक्रिएशन का नया प्रयोग हाल ही में नीसा देवगन और ओरी ने किया है। नीसा ने ओरी के साथ मिलकर अपनी मां काजोल के करीब 29 साल पुराने बोल्ड फोटोशूट को रिक्रिएट किया है। जिन्हें नहीं मालूम उन्हें बता दें कि साल 1996 में काजोल और दिग्गज अभिनेत्री रेखा ने एक मैगजीन के लिए बेहद बोल्ड फोटोशूट कराया था। इस पर जमकर बवाल हुआ था। उसी फोटोशूट को अब ओरी और नीसा ने रिक्रिएट किया है। ओरी और नीसा ने यह फोटोशूट हैलोवीन से पहले मजाकिया अंदाज में कराया है। नीसा जहां काजोल की जगह पोज देती दिख रही हैं, वहीं ओरी ने दिग्गज एक्ट्रेस रेखा की जगह पोज दिए हैं। ओरी ने इंस्टाग्राम अकाउंट से रिक्रिएशन की वीडियो भी शेयर की है। ओरी कहते दिख रहे हैं, 'हम अपने पसंदीदा लोगों से इंस्पायर्ड एक मजेदार हैलोवीन शूट कर रहे हैं। नीसा ने जवाब दिया, 'मेरी पसंदीदा मेरी मां (काजोल) हैं'। वहीं, ओरी ने कहा, 'और मेरी पसंदीदा हैं द मदर (रेखा)'। नीसा और ओरी ने वह पोज भी दिया है, जिस पर सबसे ज्यादा हंगामा मचा था। दरअसल, मैगजीन के लिए कराए गए फोटोशूट में रेखा और काजोल ने काफी बोल्ड पोज देकर तहलका मचा दिया था। दोनों के एक पोज पर तो इतना हंगामा मचा कि दोनों के खिलाफ भारतीय संस्कृति के साथ खिलवाड़ के आरोप लगे। व्हाइट कलर के एक ही स्वेटर में दोनों अदाकाराओं ने पोज दिए थे।



# लोगों का काम है कुछ न कुछ कहना : यामी गौतम

**मुंबई।** शांत और दृढ़ विश्वास वाले किरदारों को निभाने के लिए मशहूर अभिनेत्री यामी गौतम, अपनी अगली बड़ी रिलीज, 'हक' के लिए तैयार हैं। इसमें उनके साथ इमरान हाशमी भी हैं। ऐतिहासिक शाह बानो मामले से प्रेरित यह फिल्म न्याय, पहचान और आस्था के विषयों पर आधारित है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। फिल्म के ट्रेलर लॉन्च के मौके पर यामी गौतम से पूछा गया कि हाल के वर्षों में उन्होंने जिस तरह की फिल्में चुनी हैं, उनके कारण उन्हें अक्सर 'राष्ट्रवादी' कहा जाता है। इस पर उनका क्या कहना है? इस पर अभिनेत्री ने हंस कर इस लेबल को खारिज कर दिया। राष्ट्रवादी का टैग दिए जाने के बारे में पूछे जाने पर यामी ने कहा, 'लेबल है, मुझे पता भी नहीं है। अगर है तो लोगों का काम है कुछ न कुछ कहना।' उन्होंने कहा, 'ये नहीं तो कुछ और लेबल, फिर कुछ और, फिर कुछ और। पहले कुछ और था। पहले कुछ अंडररेटेड लेबल था। उससे पहले कुछ और था। यह बदलता रहता है। मैं वो सब नहीं जानती हूं।' यामी गौतम ने बताया कि फिल्म 'हक' उनके लिए सिर्फ एक कोर्टरूम ड्रामा नहीं था। यामी ने कहा, 'यह विषय सार्वजनिक जीवन में रहा है। मैं हमेशा सोचती हूं कि शाजिया जैसी महिला को किस तरह की ताकत और साहस की जरूरत रही होगी। अगर मुझे ऐसी महिलाओं की कहानी कहने के मौके मिलते हैं, तो मैं जरूर कहूंगी।'



## रहस्य, डर, फैंटेसी और एक्शन सब कुछ देखने को मिलेगा

# ओटीटी पर इस हफ्ते दस्तक देंगी ये फिल्में और सीरीज

*नई दिल्ली। इस हफ्ते ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दर्शकों के लिए मनोरंजन का जबरदस्त धमाका होने जा रहा है। अलग-अलग शैलियों की कई बड़ी फिल्में और वेब सीरीज रिलीज होने वाली हैं, जिनमें रहस्य, डर, फैंटेसी और एक्शन सब कुछ देखने को मिलेगा। नेटफ्लिक्स, अमेजन प्राइम वीडियो, जियोहॉटस्टार और एप्पल टीवी जैसे प्लेटफॉर्म्स पर दर्शकों को इस हफ्ते भरपूर कंटेंट मिलने वाला है।*



**कांतारा चैप्टर 1 :** कन्नड़ फिल्म 'कांतारा'ने पिछले साल सिनेमा जगत में नई पहचान बनाई थी और अब इसका प्रीक्वल 'कांतारा चैप्टर 1' डिजिटल प्लेटफॉर्म पर दस्तक देने जा रहा है। निर्देशक और अभिनेता ऋषभ शेट्टी इस फिल्म में दो अलग-अलग किरदार निभा रहे हैं। कहानी पुराने कालखंड में स्थापित है, जहां 'बूता कोला' परंपरा की जड़ों को दिखाया गया है। इस फिल्म में जयाराम, रुक्मिणी वसंत और गुलशन देवैया जैसे कलाकार भी नजर आएंगे। यह फिल्म 31 अक्टूबर को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

**लोका चैप्टर 1 :** निर्देशक डॉमिनिक अरुण की मलयालम फिल्म 'लोकाह चैप्टर 1: चंद्रा' इस हफ्ते ओटीटी पर रिलीज होने जा रही है। फिल्म में कल्याणी प्रियदर्शन मुख्य भूमिका निभा रही हैं। कहानी एक रहस्यमयी महिला 'चंद्रा' की है, जो स्वीडन से भारत लौटती है और बेंगलुरु में हो रहे मानव तस्करी के नेटवर्क के खिलाफ लड़ाई छेड़ देती है। महिला सुपरहीरो पर आधारित यह फिल्म मलयालम सिनेमा में एक नया अध्याय खोलती है। फिल्म 31 अक्टूबर को जियोहॉटस्टार पर उपलब्ध होगी।






**इटः वेलकम टू डेरी :** दुनियाभर में मशहूर हॉरर कहानी 'इट'की नई किस्त 'इटः वेलकम टू डेरी' 27 अक्टूबर से जियोहॉटस्टार पर देखने को मिल रही है। यह कहानी 1962 के दशक के उस शहर की है, जहां एक बार फिर जोकर 'पेनीवाइज' का खौफ लौट आता है। डर और रहस्य से भरी इस सीरीज में दर्शकों को पुराने समय की पृष्ठभूमि के साथ हॉरर का गहरा अनुभव मिलेगा।

**हेड्डा :** अमेजन प्राइम वीडियो पर 'हेड्डा' नाम की एक दमदार ड्रामा फिल्म 29 अक्टूबर को रिलीज होने जा रही है। फिल्म की कहानी एक ऐसी महिला के इर्द-गिर्द घूमती है जो सामाजिक बंधनों और निजी इच्छाओं के बीच संघर्ष करती है। इसमें कलाकारों का अभिनय और गहराई से लिखा गया डायलॉग फिल्म को खास बनाता है।

**डाउन सिमेट्री रोड :** ब्रिटिश रहस्य और अपराध पर आधारित सीरीज 'डाउन सिमेट्री रोड' 29 अक्टूबर को एप्पल टीवी पर स्ट्रीम होगी। इस सीरीज में दो महिलाएं एक लापता लड़की की तलाश में निकलती हैं और इस खोज के दौरान एक बड़े रहस्य से पर्दा उठता है।

**द विचर सीजन 4 :** लोकप्रिय फैंटेसी सीरीज 'द विचर'का चौथा सीजन 30 अक्टूबर से नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध होगा। इस बार मुख्य किरदार 'गेराल्ट' के रूप में नया चेहरा नजर आएगा। कहानी में युद्धग्रस्त दुनिया, जादू और राजनीतिक साजिशों के बीच येनिफर और सिरी की जुदाई इस सीजन का मुख्य केंद्र है।

## खबर संक्षेप

### भगवान का जीवन स्वयं अध्यात्म का जीवंत ग्रंथ

**खरखौदा।** बुच्चेश्वर मंदिर खरखौदा में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पावन प्रसंगों में वासुदेव श्रीकृष्ण के नौ योगेश्वर और चौबीस गुरुओं के ज्ञान का उल्लेख करते हुए कथावाचक डॉ. विष्णु दत्त ने कहा कि भगवान का जीवन स्वयं अध्यात्म का जीवंत ग्रंथ है। नौ योगेश्वर आत्मज्ञान के नौ द्वार हैं, जो हमें यह सिखाते हैं कि मोक्ष केवल वैराग्य से नहीं, बल्कि समर्पण और सेवा से प्राप्त होता है। श्रीकृष्ण ने स्वयं प्रकृति के चौबीस गुरुओं से सीखकर संसार को बताया कि हर वस्तु, हर जीव में ईश्वर का दर्शन किया जा सकता है। उन्होंने यमराज के स्वरूप का वर्णन करते हुए कहा कि यम केवल मृत्यु के देव नहीं, बल्कि न्याय के शाश्वत प्रतीक हैं। वे जीवों को उनके कर्मों के अनुसार फल देते हैं और यह सिखाते हैं कि धर्म के मार्ग से विचलित न हों।

### शिविर में 57 मरीजों का स्वास्थ्य जांचा

**सोनीपत।** आयुष विभाग, सोनीपत की ओर से विभिन्न स्थानों पर जन-स्वास्थ्य को समर्पित स्वास्थ्य जागरूकता एवं निःशुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया गया। पटेल नगर स्थित आंगनबाड़ी में आयोजित शिविर में डॉ. प्रांसीका (एएमओ) और योग सहायक सीमा ने उपस्थित नागरिकों को स्वास्थ्य परामर्श प्रदान किया। शिविर में कुल 57 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई तथा योग सत्र आयोजित कर रोगानुसार योगाभ्यास कराया गया। उपस्थित नागरिकों को स्वास्थ्य संरक्षण एवं प्राकृतिक उपचार के प्रति जागरूक किया गया।

### वेतन न मिलने पर विवि के कर्मचारियों का धरना

**गोहाना।** बीपीएस महिला विश्वविद्यालय (विवि), खानपुर कलां के शिक्षण एवं गैर शिक्षण कर्मचारियों ने मंगलवार को विवि के मुख्य द्वार के आगे सांकेतिक धरना दिया और काले बिल्ले लगाकर प्रदर्शन किया। कर्मचारियों के अनुसार उनको पिछले तीन महीने से वेतन नहीं दिया गया है। कर्मचारियों ने दस दिन में वेतन का भुगतान न करने पर पेन डाउन हड़ताल की चेतावनी दी। कर्मचारियों ने बताया कि उनको जुलाई से सितम्बर माह तक का वेतन नहीं दिया गया है। वेतन न मिलने से वे गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। आर्थिक परेशानी के चलते वे अपने बच्चों की स्कूल फीस, ईएमआई और मेडिकल बिल जैसे आवश्यक खर्च भी पूरे नहीं कर पा रहे हैं।

# ग्लोबल वार्मिंग रोकने के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण करें: जगजीत सिंह

## जिला एवं सत्र न्यायाधीश का एसडीजेएम मानसी गौड़, जूनियर डिविजनल जज सागर शर्मा ने किया स्वागत

**जिला एवं सत्र न्यायाधीश ज्यूडिशल कंपलेक्स पहुंचे**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गन्नौर


जिला एवं सत्र न्यायाधीश जगजीत सिंह, सीजेएम नेहा, एसडीजेएम मानसी, जूनियर डिविजनल जज सागर के साथ वकीलों की समस्या सुनते।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश जगजीत सिंह ने मंगलवार को ज्यूडिशल कंपलेक्स में पहुंचे। गन्नौर अदालत कार्यालय पहुंचने पर गन्नौर की एसडीजेएम मानसी गौड़, जूनियर डिविजन जज सागर शर्मा के अलावा बार एसोसिएशन प्रधान गौरव त्यागी के अलावा वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश के साथ सीजेएम नेहा गोयल भी पहुंची। इसके बाद जिला एवं सत्र न्यायाधीश जगजीत सिंह ने एसडीजेएम मानसी गौड़, जूनियर डिविजनल जज सागर शर्मा व बार एसोसिएशन के पदाधिकारियो के सहयोग से पौधारोपण कर पर्यावरण रक्षा जीवन सुरक्षा का संदेश दिया। अधिवक्ताओं को संबोधित करते जिला एवं सत्र न्यायाधीश जगजीत सिंह ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग रोकने के लिए हमें अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए। पौधारोपण करने के साथ उनकी देखरेख का भी ध्यान रखना चाहिए। इसके बाद जिला एवं सत्र न्यायाधीश जगजीत सिंह ने वकीलों की समस्या सुनी और उनकी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। बार एसोसिएशन के प्रधान गौरव त्यागी ने बताया कि गन्नौर अदालत में वकीलों के चेंबर की तरफ से बने प्रवेश द्वार को खोला जाए ताकि वकीलों को अदालत जाने में परेशानी ना हो। इसके अलावा गन्नौर बार एसोसिएशन लाइब्रेरी को बड़ा करने की मांग व अदालत भवन में चल रही कैंटीन को भी नीचे शिफ्ट करने की मांग की। वकीलों ने बताया कि दोनों अदालत नीचे होने की वजह से ऊपर कैंटीन होने के कारण ऊपर वकील नहीं जा पाते, जिससे कैंटीन का उनको लाभ नहीं मिल रहा।

**ये रहे मौजूद**

एसडीजेएम मानसी गौड ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश जगजीत सिंह को ज्यूडिशल कंपलेक्स की समस्याओं से अवगत करते हुए बताया कि ज्यूडिशियल कांप्लेक्स के बनने के बाद तब से लेकर आज तक लिफ्ट नहीं चली है, इसके अलावा अन्य समस्याओं से भी अवगत करवाया। जिस पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश जगजीत सिंह ने मौके पर ही मौजूद सड़क एवं भवन निर्माण विभाग के एसडीओ व संबंधित जे ई को समाधान के आदेश दिए । इस मौके पर बार एसोसिएशन के पदाधिकारी के अलावा वरिष्ठ अधिवक्ता ओमप्रकाश त्यागी, बिजेंद्र राठी, मुकेश कौशिक, अनिल राठी, सुन्दर रापरिया, प्रवीण कौशिक आदि मौजूद रहे।


गोहाना। पदक विजेता विद्यार्थी अपने शिक्षकों के साथ। फोटो : हरिभूमि

# खंड स्तरीय खेलों में पदक जीतकर दिखाया दमखम

**कथूरा के खिलाड़ियों का खेलों में शानदार प्रदर्शन**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गोहाना

गांव कथूरा स्थित किड्स वैली कॉन्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों ने खंड स्तरीय खेलों में 12 स्वर्ण, 6 रजत और 3 कांस्य सहित 21 पदक कब्जा लिए। स्कूल के विद्यार्थियों का सबसे उत्कृष्ट प्रदर्शन एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में रहा जिनमें कुल 24 पदकों में से 18 पदकों पर इस स्कूल का कब्जा रहा। विजेताओं को स्कूल की एमडी मीना नरवाल और प्राचार्या बबीता दांगी ने सम्मानित किया लडक़ों की खेल प्रतियोगिताओं में 100 मीटर दौड़ में कार्तिक ने स्वर्ण पदक और सूरज ने रजत पदक, 200 मीटर दौड़ में, कार्तिक ने स्वर्ण पदक और रितिक ने कांस्य पदक, 400 मीटर दौड़ में, प्रतीक ने स्वर्ण पदक और वंश ने रजत पदक, लंबी कूद में कार्तिक ने स्वर्ण पदक और रितिक ने रजत पदक हासिल किया। 100 गुणा 4 रिले दौड़ में प्रतीक, वंश, यतन और शौर्य की टीम विजेता बनी। 34 किलोग्राम भारवर्ग की कुश्ती प्रतियोगिता में शौर्य ने स्वर्ण पदक जीता।

**100 मीटर दौड़ में करिश्मा ने प्रथम**

लड़कियों की खेल प्रतियोगिताओं में 100 मीटर दौड़ में करिश्मा ने स्वर्ण पदक और यास्मीन ने रजत पदक, 200 मीटर दौड़ में यास्मीन ने रजत पदक, 400 मीटर दौड़ में करिश्मा ने स्वर्ण पदक और अक्षिता ने कांस्य पदक कब्जाया। लंबी कूद में करिश्मा ने स्वर्ण पदक, यास्मीन ने रजत पदक और तनवी ने कांस्य पदक जीता। 100 गुणा 4 रिले दौड़ में अक्षिता, तनवी, नव्या और प्राची की टीम विजेता रही। अंडर-11 कबड्डी प्रतियोगिता में स्कूल के लडक़े और लड़कियों दोनों टीमें विजेता बनी। कर्मबीर फौजी, राजेश चेयरमैन, रेशम नरवाल, रामकुमार नरवाल और जगदीश नरवाल ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

## क्षेत्रीय विज्ञान मेले में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन


# शिशु वर्ग की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में नेहा, नैतिक व अंश की टीम द्वितीय

## गीता विद्या मंदिर के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा की शानदार झलक दिखाई

**विद्यार्थियों ने टेनिस प्रीमियर लीग में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गोहाना


विजेताओं विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देते प्राचार्य अश्विनी कुमार व अन्य शिक्षकगण।


गोहाना। विजेता विद्यार्थी अपने गुरुजनों के साथ। फोटो : हरिभूमि

क्षेत्रीय विज्ञान मेले में विभिन्न प्रतियोगिताओं में गीता विद्या मंदिर गोहाना के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा की शानदार झलक दिखाई। विद्यालय के विद्यार्थियों ने टेनिस प्रीमियर लीग में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं में विजेताओं को मंगलवार को प्राचार्य अश्विनी कुमार ने समारोहपूर्वक सम्मानित करते हुए अपना आशीर्वाद दिया।

विज्ञान मेले में शिशु वर्ग की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में नेहा शर्मा, नैतिक और अंश की टीम द्वितीय रही। प्रयोग वर्ग में अभिवन अव्वल रहे। अभिनव प्रदर्शन निर्माण प्रतियोगिता में देवांश और तरुण वर्ग में सक्षम द्वितीय स्थान पर रहे। शिक्षक वर्ग में विज्ञान पेपर प्रस्तुतिकरण में रचना सिंगला तृतीय रही। खेलों में अखिल भारतीय स्तर पर अंडर-17 ग्रीको रोमन प्रतियोगिता में सौरभ, अंडर-19 फ्री स्टाइल कुश्ती प्रतियोगिता में हर्ष ने रजत पदक, टेनिस प्रीमियर लीग में अंगद प्रथम रहे।



**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के साथ प्राचार्या एवं अन्य।

**करियर परामर्श सत्र**

**सोनीपत।** ब्राइट स्कॉलर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मंगलवार को कक्षा 10वीं से 12वीं के विद्यार्थियों के लिए कैरियर एक्सपो 2025 - अनलॉक योर फ्यूचर शीर्षक से एक करियर परामर्श सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके शैक्षणिक और व्यावसायिक भविष्य के बारे में सोच-समझकर निर्णय लेने में मार्गदर्शन प्रदान करना था। सत्र की शुरुआत स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ. किरण दलाल ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ की। विभिन्न विश्वविद्यालयों ने इस एक्सपो में हिस्सा लिया। इन विवि के प्रतिनिधियों ने विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न करियर पथों, प्रवेश प्रक्रियाओं और उभरते अवसरों के बारे में बहुमूल्य जानकारी प्रदान की।छात्रों ने विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों के साथ उत्साहपूर्वक बातचीत की।

**मंगतू ने मारी बाजी**

**गोहाना।** राजकीय महाविद्यालय बड़ौता में हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। यह प्रतियोगिता सांस्कृतिक गतिविधि समिति, हिंदी विभाग व अंग्रेजी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुई। क्विज मास्टर की भूमिका सांस्कृतिक गतिविधि समिति की प्रभारी डॉ. सरिता मलिक ने निभाई। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में पहले स्थान पर मंगतू, राहुल व हिमांशु की टीम, दूसरे स्थान पर सुमित, चेतराम व कोमल की टीम जबकि तीसरे स्थान पर उदय, कुनाल व सुमित की टीम रही। स्कोरर व निर्णायक की भूमिका का निर्वहन डॉ. मीना देवी ने किया। डॉ. सरिता मलिक, ज्योति रानी व अन्य शिक्षकों ने विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

# ठेका सफाई कर्मचारियों ने नारेबाजी कर जताया विरोध

## हटाए गए कर्मचारियों की बहाली की मांग, 01 नवंबर से भूख हड़ताल की चेतावनी

**कर्मचारी एकता मंच का धरना 27वें दिन भी जारी**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत


**सोनीपत।** नगर निगम में विरोध प्रदर्शन करते ठेका सफाई कर्मचारी।

सोनीपत नगर निगम में ठेका सफाई कर्मचारी एकता मंच से संबंधित मूलनिवासी कर्मचारी कल्याण महासंघ और सहयोग बली सेना यूनियन का धरना मंगलवार को लगातार 27वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता यूनियन के प्रधान मुकेश टांक ने की जबकि संचालन प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मुकेश कर्मा ने किया। धरने में सुबह से ही बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे। दोपहर 12 बजे लंच टाइम में सभी ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी भी धरना स्थल पर पहुंचे और अपने साथियों के समर्थन में नारेबाजी की। कर्मचारियों ने बताया कि नगर निगम प्रशासन और जिला प्रशासन की ओर से अब तक हटाए गए कर्मचारियों की कोई भी सुनवाई नहीं की गई है। इस उपेक्षा से कर्मचारियों में गहरा रोष व्याप्त है। उनका कहना है कि शासन और प्रशासन की बेरुखी से सफाई व्यवस्था तो प्रभावित हो ही रही है, साथ ही मजदूरों के घरों में आर्थिक संकट गहरा गया है। प्रधान मुकेश टांक ने चेतावनी दी कि यदि हटाए गए कर्मचारियों की बहाली को लेकर 31 अक्तूबर तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो 1 नवंबर 2025 से सभी हटाए गए कर्मचारी भूख हड़ताल पर बैठेंगे।

**ये रहे मौजूद**

उन्होंने कहा कि अगर प्रशासन ने तब भी कोई सुनवाई नहीं की, तो यह भूख हड़ताल अमरन अनशन में बदल जाएगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि किसी भी कर्मचारी को इस दौरान कुछ हुआ तो उसकी जिम्मेदारी शासन व प्रशासन की होगी। धरना स्थल पर सचिव सावन कुमार, प्रवीण, इंदरजीत, अमित, संजीत, कुलदीप, सुनील, माया, सुनिता, रजिंदर, प्रशांत कर्मा, अंजू, मंजू, सन्नी, गुलाब, सुसमा, विशाल, दीपक और कृष्ण आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

# प्रताप स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया विश्व जूडो-डे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| खरखौदा



**खरखौदा।** जूडो दिवस पर सम्मान प्राप्त करते जूडो खिलाड़ी।

प्रताप सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वर्ल्ड जूडो डे मनाया गया। यह दिवस डॉ. जिगारो कानो के जन्म दिवस के अवसर पर मनाया जाता है, जो जूडो के जन्मदाता माने जाते हैं। जूडो खिलाड़ियों ने जूडो की विभिन्न तकनीकों का प्रदर्शन कर आत्मरक्षा और खेल भावना का अद्भुत परिचय दिया। इस अवसर पर विद्यालय के जूडो के इंटरनेशनल, नेशनल और स्टेट लेवल पर पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

**मानसिक शक्ति का प्रतीक**

द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया ने बताया कि जूडो केवल एक खेल नहीं, बल्कि आत्म-नियंत्रण, अनुशासन और मानसिक शक्ति का प्रतीक है। यह हमें न केवल आत्मरक्षा सिखाता है, बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में संतुलन बनाए रखने की प्रेरणा देता है। जूडो कोच मोहित पंवार ने बताया कि कि जूडो हमें जीवन के हर क्षेत्र में जीतने से पहले सीखने का महत्व बताता है। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन, द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया और प्राचार्या दया दहिया का आभार व्यक्त किया।

**जिला प्रशासन के नियमों को ठेंगा.......**



**गन्नौर।** रेलवे रोड पर पानी की सप्लाई कर रही पुरानी जर्जर हो चुकी गाड़ी। फोटो :हरिभूमि

# बिना नंबर प्लेट और जर्जर हालत में सड़कों पर खुलेआम दौड़ रहे वाहन

## जिला प्रशासन की लापरवाही पर उठे सवाल

**फिटनेस और पंजीकरण के नियमों का कोई पालन नहीं**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गन्नौर

शहर की सड़कों पर इन दिनों बिना नंबर प्लेट और जर्जर हालत वाले वाहन खुलेआम चलते देखे जा सकते हैं। ऐसा ही एक दृश्य मंगलवार को रेलवे रोड पर देखने को मिला, जब एक पुरानी गाड़ी सड़कों पर धड़ल्ले से घूमती नजर आई। वाहन के आगे का हिस्सा पूरी तरह जंग खाया हुआ था, बोनट टूटा हुआ, दोनों हेडलाइट गायब थीं और बम्पर भी लटक रहा था। वाहन पर नंबर प्लेट नहीं थी, जिससे उसकी पहचान तक नहीं की जा सकती। स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसे वाहन न सिर्फ यातायात नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं, बल्कि सड़क सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा भी बने हुए हैं। इस तरह की गाड़ियां अक्सर माल ढोने के लिए उपयोग की जाती हैं, परंतु फिटनेस और पंजीकरण के नियमों का कोई पालन नहीं होता। कई बार पुलिस और प्रशासन की गाड़ियों के सामने से भी ये वाहन गुजरते हैं।

**विशेष अभियान चलाया जाए**

लोगों का कहना है कि कई बार पुलिस और प्रशासन की गाड़ियों के सामने से भी ये वाहन गुजरते हैं, लेकिन कार्रवाई के नाम पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाता। जर्जर हालत और बिना फिटनेस के वाहन किसी भी समय सड़क पर हादसा कर सकती हैं। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि बिना नंबर प्लेट, जर्जर और अवैध रूप से चल रहे वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जाए ताकि दुर्घटनाओं की आशंका को कम किया जा सके।



एचएसवीपी कार्यालय में यूनियन के पदाधिकारी एवं सदस्य बैठक करते हुए।

**मुख्य प्रशासक के साथ यूनियन की वार्ता कल**

**सोनीपत।** हुड्डा जन स्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन तथा हरियाणा कौशल रोजगार निगम कर्मचारी मंच के मुख्य पदाधिकारीयों की एक बैठक एचएसवीपी सेक्टर 15 यूनियन कार्यालय में बुलाई गई। जिसकी अध्यक्षता राज्य प्रधान आरके नागर ने की और संचालन राज्य कोषाध्यक्ष महावीर नागर ने किया। उपरोक्त दोनों नेताओं ने चीफ एडमिनिस्ट्रेटर एचएसवीपी पंचकूला और यूनियन की होने वाली वार्ता का हवाला देते हुए बताया कि 30 अक्टूबर को वार्ता के लिये बुलाया गया है। इस वार्ता में सभी लंबित मांगों को रखा जाएगा। मुख्य प्रशासक द्वारा उपरोक्त पत्र जारी करने के लिए आज सभा में उपस्थित आरके नागर, महावीर सिंह नागर टीनू मदान, समेश कुमार, ध्रुव कुमार, सुनील चौहान, सुरेंद्र रंगा, सुरेश रोहिल्ला आदि ने मुख्य प्रशासक का धन्यवाद किया। सभी पदाधिकारी ने आशा व्यक्त की है कि 30 अक्टूबर की वार्ता में बहुत समय से लंबीत मांगों का अवश्य समाधान किया जाएगा।
फोटो 28 एसएनपी 2. एचएसवीपी कार्या

## खबर संक्षेप

### मंदिरों का होगा जीर्णोदार 1 से होगी शुरुआत

**सोनीपत।** सेफ इंडिया फाउंडेशन व गौमुख वर्ल्ड फाउंडेशन ने मिलकर सोनीपत नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मंदिरों में सुविधा एवं सुधार के लिए एक मुहिम शुरू की है। जिसके तहत किसी मंदिर में पूजा सामग्री की कमी हो, कोई मूर्ति खंडित हो, मंदिर में रंग रोगन की आवश्यकता हो, मंदिर में भगवान की मूर्ति पर पोशाक की आवश्यकता हो, मंदिर के प्रांगण में पांच पौधे, त्रिवेणी आदि लगानी हो, मंदिर में पानी की व्यवस्था करवानी हो, मंदिर में बैठने की व्यवस्था करवाई जाएगी।

### राष्ट्रीय लोक अदालत 13 दिसंबर को : सचिव प्रचेता

**सोनीपत।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य दंडाधिकारी प्रचेता सिंह ने बताया कि जिला सोनीपत व उपमंडल गोहाना, गन्नौर ० खरखौदा में 13 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत का आयोजन जिला स्तर पर सोनीपत व उपमंडलीय स्तर पर गोहाना, गन्नौर, खरखौदा न्यायिक परिसर में किया जाएगा। लोक अदालत के दौरान आपसी सहमति से लंबित केसों का निपटारा किया जाएगा किया जाएगा। लोक अदालत के द्वारा न्यायालय में लंबित फौजदारी समाधेय, चेक बाउंस केस और अन्य मामलों का निपटारा किया जाएगा।

### अवैध पार्किंग और जाम के कारण लिया फैसला

# सोनीपत जाने वाली रोडवेज बस के स्टैंड में किया बदलाव

**सुबह रेलवे स्टेशन के पास, उसके बाद मॉडल संस्कृति स्कूल के पास से मिलेगी सुविधा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

गन्नौर से सोनीपत जाने वाले यात्रियों के लिए अब हरियाणा रोडवेज बस के स्टैंड को शिफ्ट किया गया है। अब रोडवेज की बस गन्नौर रेलवे स्टेशन के पास सुबह केवल 8 बजे सोनीपत जाने के लिए खड़ी होगी वहां से यात्री बस में सवार हो सकेंगे। उसके बाद शहर में जाम लगने व दुर्घटनाओं की वजह से 10:00 बजे 12:00 बजे वह 2:00 बजे वाले चक्कर में रेलवे स्टेशन के पास रोडवेज बस खड़ी नहीं होंगी, बल्कि यात्रियों को बस में बैठने के लिए 8 बजे के बाद नगर पालिका रोड पर स्थित मॉडल संस्कृति स्कूल के पास बने स्टैंड के पास जाना पड़ेगा ।



**गन्नौर।** नगर पालिका रोड पर सोनीपत जाने के लिए खड़ी हरियाणा रोडवेज की बस।

#### यात्रियों को मिलेगी सुविधा

बस यात्रियों ने बताया कि यह निर्णय रेलवे स्टेशन क्षेत्र में लगातार बढ़ रही अवैध पार्किंग और जाम की समस्या को देखते हुए लिया गया है। लंबे समय से रेलवे स्टेशन के आसपास वाहनों की अनियंत्रित पार्किंग और भीड़भाड़ के कारण बसों को गुजरने में भारी कठिनाई हो रही थी। कई बार बस के जाम में फंसने के कारण 10 से 15 मिनट तक का अतिरिक्त समय लग जाता था। उनका कहना कि दोपहर को जब स्कूलों की छुट्टी होती थी तो उसे समय बस का निकलना बहुत मुश्किल हो जाता था । मॉडल संस्कृति स्कूल के पास बस खड़ी होने से यात्रियों को अधिक सुव्यवस्थित और सुरक्षित माहौल में सवारी करने की सुविधा मिलेगी। इस स्थान पर पर्याप्त जगह होने के कारण बस की पार्किंग और यात्रियों की चढ़ने-उतरने की प्रक्रिया आसान रहेगी।

#### गन्नौर से सोनीपत तक बस का समय

जानकारी लेने पर बस के परिचालक ने बताया कि हरियाणा रोडवेज की बस गन्नौर रेलवे स्टेशन से चलने का समय सुबह 8:00 बजे का है उसके बाद दिन में 10:00 बजे 12:00 बजे व 2:00 बजे गन्नौर के मॉडल संस्कृति स्कूल के पास से बस चलती है । इसके अलावा सोनीपत बस स्टैंड से बस चलने का समय सुबह 9:15 व 11:15 व 1.15 के बाद लास्ट चक्कर 3:30 पर है । उसके बाद यात्रियों को जीटी रोड से गुजरने वाली बस व ट्रेन से गन्नौर पहुंचना पड़ता है । शुरुआती दिनों में यात्रियों को थोड़ी असुविधा हो सकती है, लेकिन लोगों का मानना है कि इस बदलाव से यातायात व्यवस्था में सुधार और समय की बचत होगी।

# बिना रीडिंग बिजली के बिल भेजे जाने पर किसान यूनियन ने किया विरोध प्रदर्शन

**अधिकारियों ने दिया आश्वासन, 1 नवंबर तक का मांगा समय**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

भारतीय किसान यूनियन एकता सिद्धूपुर की खरखौदा ब्लॉक की इकाई ने बिजली कार्यालय के बाहर ब्लॉक प्रधान शक्ति दहिया के नेतृत्व में धरना दिया। यूनियन के जिला कोऑर्डिनेटर इंदरजीत राणा ने बताया कि छिनौली और मटिण्डू गाँव में बिजली कर्मचारियों ने बिना रीडिंग लिए बिजली के बिल भेज दिए जो औसत से कहीं ज्यादा हैं। उन्होंने बताया कि इस विषय में वे 3 अक्टूबर को एसडीएम से भी मिले थे और 8 अक्टूबर को एसडीओ से भी बातचीत हुई थी। उस समय एसडीओ ने कहा था कि ये बिल किसी को भरने की जरूरत नहीं है और वे 2 दिन में जेई को दोनों गाँवों में भेजकर रीडिंग नोट करवाएंगे और नए बिल बनवा कर भिजवा देंगे। लेकिन 20 दिन बीत जाने में बावजूद एसडीओ ने कोई कार्यवाही नहीं की। एसडीओ के व्यवहार से परेशान हो कर यूनियन के सदस्यों ने एसडीओ के दफ्तर के बाहर धरना शुरू कर दिया, उसके बाद अधिकारियों व प्रदर्शनकारियों के मध्य बातचीत हुई। जिसमें अधिकारियों ने 1 नवम्बर तक का समय मांगा है और आश्वासन दिया कि नए बिल तैयार करवा देंगे।


**खरखौदा।** बिल संबंधी समस्या को लेकर बिजली कार्यालय पहुंचे यूनियन के पदाधिकारी।

#### गंदे पानी की निकासी की मांग

*किसानों का एक प्रतिनिधिण्डल एसडीएम डॉ निर्मल नागर से मिला और उन्हें बताया कि आईएमटी में मारुति कंपनी ने गन्दा पानी सोहटी गाँव की खेतों की ज़मीन में उतार दिया है। एसडीएम ने आश्वासन दिया कि वे पानी निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित कराएंगे। इस मौके पर जिला प्रधान बेदी दहिया, जिला कोषाध्यक्ष बिजेंद्र दहिया, चुन्नी हलालपुर, रामकुंवार दहिया, रंजीत कोहाड़, बुधराम सिंह, आजाद छिनौली, रामकुमार कुंडल, सतबीर दहिया आदि मौजूद रहे।*

## ऐडिड कॉलेजों के कर्मचारियों को नहीं मिला संशोधित एचआरए, 13 करोड़ से अधिक का वार्षिक नुकसान

**सोनीपत।** हरियाणा के 97 ऐडिड कॉलेजों में कार्यरत करीब 2355 टीचिंग व नॉन-टीचिंग कर्मचारी अब तक सातवें वेतन आयोग के अनुरूप संशोधित मकान किराया भत्ते (एचआरए) से वंचित हैं। वर्ष 2019 में सभी सरकारी विभागों, बोर्डों व निगमों के कर्मचारियों को संशोधित एचआरए मिल गया था, लेकिन ऐडिड कॉलेजों के कर्मचारियों को अब भी छठे वेतन आयोग के अनुसार भत्ता दिया जा रहा है। हरियाणा प्राइवेट कॉलेज नॉन-टीचिंग एम्प्लॉईज यूनियन व हरियाणा कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन ने बताया कि पिछले छह वर्षों से मामला उच्चतर शिक्षा विभाग व वित्त विभाग के बीच फाइलों में अटका हुआ है। यूनियनों का कहना है कि आवश्यक दस्तावेज जमा कराने के बावजूद बार-बार फाइल लौटाई जा रही है, जिससे कर्मचारियों को उनके वैधानिक अधिकार से वंचित किया जा रहा है। प्रधान बिजेन्द्र कुमार कादियान ने इसे आर्थिक अन्याय बताते हुए कहा कि इससे कर्मचारियों का मनोबल गिरा है। वहीं डॉ. दयानंद मलिक ने सरकार पर भेदभाव का आरोप लगाते हुए आंदोलन की चेतावनी दी। एचआरए में देरी से कर्मचारियों को लगभग 13.24 करोड़ रुपये सालाना का नुकसान हो रहा है।

## न्यूज डायरी


**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान उपस्थित स्कूली विद्यार्थी।

### समय ही सबसे बड़ा तत्व : आचार्य वेदनिष्ठ

**सोनीपत।** आर्य समाज मॉडल टाऊन सोनीपत में सप्तदिवसीय दिव्य वेद आध्यात्मिक सत्संग एवं वेद प्रचार सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को दूसरे दिन संस्था प्रधान अर्जुन देव दुरेजा की अध्यक्षता तथा यज्ञीय कार्यक्रम आचार्य वेदनिष्ठ उषर्बुध के ब्रह्मत्व में कार्यक्रम किया गया। आर्य समाज के पुरोहित आचार्य सतन देव सत्यम द्वारा सामवेद की वेदवाणी का पाठ किया। वैदिक प्रवक्ता हरिचन्द स्नेही मंच का संचालन किया। यज्ञोपरान्त जालन्धर से आमन्त्रित सरदार सुरेन्द्र सिंह गुलशन ने आध्यात्मिक, महर्षि स्वामी दयानन्द सरस्वती की जीवनी, पारिवारिक, देशभक्ति तथा जीवन निर्माण के सामाजिक गीतों प्रस्तुत किए। मुख्य प्रवक्ता और यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य वेदनिष्ठ उषर्बुध ने प्रवचन का प्रारम्भ वेद मन्त्र के उच्चारण के बाद बताया कि समय बड़ा बलवान है। समय उसको उन्नति पथ पर अग्रसर करता है किन्तु जो इसका दुरुपयोग करता है समय उसको नष्ट कर देता है। समय का सदुपयोग करने हेतु अपनें शब्दों पर, कर्म पर, विचारों पर, चरित्र पर और अन्तःकरण पर ध्यान दो। समय ही सबसे बड़ा तत्व है। समारोह में महेश जुनेजा, मंजू आर्या, सुमन भगत, गीता सहगल प्रधानाचार्या, उषा सपड़ा, कौशल्या अरोड़ा, प्रमोद मल्होत्रा, ज्ञानेश्वर त्यागी, सविता मल्होत्रा, ईश्वर दहिया, सुरेश छाबड़ा, मुकेश आदि मौजूद रहे।

### खेवड़ा गांव के ग्रामीण पुलिस कमिश्नर से मिले, मुकदमा दर्ज करने की मांग

**राई।** खेवड़ा गांव के ग्रामीण पुलिस कमिश्नर ममता सिंह से मिले। ग्रामीणों ने एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है। पुलिस कमिश्नर को दी शिकायत में गांव की एक महिला का आरोप है कि उसके भाइयों ने एससी एसटी एक्ट के एक मामले में कोर्ट में गवाही दी थी। जिस पर गांव के कुछ प्रभावशाली लोगों ने महिला पर हमला किया था। उसे जातिसूचक गालियां व जान से मारने की धमकी दी गई थी। पुलिस आयुक्त ने निष्पक्ष जांच कराने का आश्वासन दिया है। बैंयापुर खुर्द गांव निवासी एक महिला ने बताया कि खेवड़ा गांव में उसका मायका है। वह भैया दूज पर अपने मायका आई हुई थी। उसे घर आने के बाद पता चला कि एक व्यक्ति ने गांव के ही एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ एससी-एसटी का मुकदमा दर्ज करा रखा है। जिस मामले में उसके भाइयों प्रदीप व राकेश ने कोर्ट में गवाही दी थी। इसी वजह से गांव के प्रभावशाली लोग उसके परिवार से रंजिश रखने लगे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

### वल्लभभाई पटेल की जयंती पर होगा रन फॉर यूनिटी का आयोजन

**सोनीपत।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में 31 अक्टूबर को रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाएगा। रन फॉर यूनिटी में जिले के अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थी, सामाजिक संगठन, स्वयंसेवी संस्थाएं, खिलाड़ी और आमजन एक भारत, श्रेष्ठ भारत के संकल्प के साथ शामिल होकर राष्ट्रीय एकता, अखंडता और समरसता का संदेश देंगे। रन फॉर यूनिटी सुबह 06 बजे मुरथल रोड़ स्थित जानकीदास स्कूल से शुरू होकर विक्रम पैलेस, अग्रसेन चौक, सेक्टर-14 व 15 के सेंटर रोड़ से होते हुए सेक्टर-15 स्थित डीएवी स्कूल में समाप्त होगी। उपायुक्त सुशील सारवान ने बताया कि कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए विभिन्न विभागों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

## बाल महोत्सव में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

- प्रतियोगिताओं में 450 बच्चों ने लिया उत्साहपूर्वक भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

बाल कल्याण समिति के तत्वावधान में मंगलवार को जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा बाल महोत्सव के दूसरे दिन विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व जिला बाल कल्याण अधिकारी सुजाता घुम्मक ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों की प्रतिभा निखरती है। अध्यापिका ममता शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।



**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति देती छात्राएं।

#### बाल भवन में कार्यक्रम का आयोजन

*इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में बाल भवन में आयोजित प्रतियोगिताओं में लगभग 450 बच्चों ने हिस्सा लिया। बच्चों ने भाषण, निबंध लेखन, एकल नृत्य, एकल गीत, समूह गायन, समूह नृत्य, वाद-विवाद और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं में अपनी कला का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल में डॉ. संतोष राठी, इंदु खल्ला, लुविता घुम्मक, ज्योति, शैलजा, वरुण, रचना, डॉ. रविंद्र, देशबीर, जगपाल और सुंदर शामिल रहे। निर्णायकों ने प्रतिभागी बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना की और विजेताओं को पुरस्कृत करने की घोषणा की। कार्यक्रम का सफल संचालन एपीसी अर्जुन सिंह ने किया।*


**राई।** भाजपा युवा नेता पुनीत राई ने छठ व्रतियों के बीच पहुंचकर पूजा अर्चना करते हुए ।

### छठ महापर्व प्रकृति और आस्था का अद्भुत संगम है, जल्द ही राष्ट्रीय पर्व का दर्जा पाएगा: पुनीत राई

**राई ।** लोक आस्था और सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजा पूरे श्रद्धा, संयम और भक्ति भाव के साथ राई क्षेत्र में संपन्न हुआ। तालाबों और घाटों पर हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी, जहां व्रतियों ने डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। भाजपा युवा नेता एवं निगम पार्षद पुनीत राई मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने छठ व्रतियों के बीच पहुंचकर शुभकामनाएं दीं और सूर्य भगवान से जगत कल्याण की प्रार्थना की। पुनीत राई ने कहा कि “छठ महापर्व केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि यह प्रकृति, नदियों और सूर्य की आराधना का प्रतीक है। पुनीत राई ने कहा कि छठ पूजा देशभर में तेजी से लोकप्रिय हो रही है और अब यह पर्व सीमित क्षेत्रों तक सीमित न रहकर राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक गर्व का प्रतीक बन चुका है। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी, महिलाएं और श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।


**गोहाना।** प्रतियोगिता में विजेताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए शिक्षकगण।

### जेकेआर स्कूल ने स्केटिंग में जीते 5 पदक

**गोहाना।** इंटर स्कूल रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में शहर में महम मार्ग स्थित जेकेआर पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने 5 पदक जीतकर अपनी खेल प्रतिभा का सराहनीय प्रदर्शन किया। मंगलवार को स्कूल के एमडी राजबीर राठी ने पदक विजेता विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित किया। सम्मान समारोह की अध्यक्षता शैक्षणिक प्रभारी महेंद्र पाराशर ने की। मुख्याध्यापिका नीतू आर्या के अनुसार तक्षशिला इंटरनेशनल स्कूल जींद में निजी स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए इंटर स्कूल रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। यह प्रतियोगिता द स्पीड राइडर स्केटिंग अकादमी द्वारा आयोजित की गई जिसमें अनेक स्कूलों के विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता कर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की। प्रतियोगिता में जेकेआर स्कूल के कक्षा पहली के छात्र कबीर ने तीसरा, कक्षा दूसरी के रुद्र व मानसी ने दूसरा, कक्षा तीसरी के चिरायु ने तीसरा, कक्षा चौथी के निशांत ने पहला और कक्षा 5वीं की छात्रा बुलबुल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## आस्था-विकास के साथ चलें तो क्षेत्र बनेगा आदर्श: कादियान

- छठ महापर्व का हुआ मंगल समापन : उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रतियों ने मांगी खुशहाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

आस्था और अनुशासन का प्रतीक छठ महापर्व मंगलवार सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ पूर्ण श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक छठ मैया और भगवान भास्कर की उपासना का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। कस्बे में कई जलकुंडों पर व्रतियों की भारी भीड़ उमड़ी रही। शहर के बीएसटी कॉलोनी स्थित शिव मंदिर के साथ छठ पूजा स्थल पर श्रद्धालु परिवार सहित पहुंचे और भगवान सूर्य की आराधना में लीन नजर आए। पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाओं ने ढोल नगाड़ों की थाप पर जय छठी मैया के जयकारों से पूरा वातावरण गुंजायमान कर दिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि हलका विधायक देवेंद्र कादियान ने शिरकत की और छठ व्रतियों के साथ उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया और क्षेत्र की खुशहाली व तरक्की की कामना की। कादियान ने कहा कि छठ व्रतियों का संयम, श्रद्धा और अनुशासन समाज के लिए मिसाल है।


**गन्नौर।** विधायक देवेंद्र कादियान बीएसटी कॉलोनी शिव मंदिर में छठ पूजा स्थल पर श्रद्धालु के साथ ।

#### यह पर्व सूर्य के प्रति कृतज्ञ होने का देता संदेश

विधायक ने कहा कि जिस निष्ठा और पवित्रता से माताएं और बहनें यह व्रत रखती है, वह हर व्यक्ति को प्रेरित करता है। छठ महापर्व हमें प्रकृति, जल और सूर्य के प्रति कृतज्ञ होने का संदेश देता है।कादियान ने कहा, जिस तरह व्रतियों ने कठिन तपस्या कर आस्था का उदाहरण पेश किया है, वैसे ही हम सब मिलकर अपने क्षेत्र के विकास में योगदान दें। इस अवसर पर जितेंद्र, छोटे लाल, दीपचंद, विजय मुरिया,रामप्रीत पासवान, धर्मेंद्र, पूर्व पार्षद अंकित मल्होत्रा, पार्षद अजय सरोहा, पार्षद वरुण आदि मौजूद रहे।

**राहत** गोहाना में 60 लाख रुपये के विकास कार्यों के एस्टीमेट तैयार करने के निर्देश

# विकास कार्यों के लिए मंजूर करवाए 1.40 करोड़ रुपये

**विधायक आदर्श नगर एवं ग्राम योजना के तहत जिला परिषद के माध्यम से होंगे काम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा द्वारा विधायक आदर्श नगर एवं ग्राम योजना के तहत प्रदेश सरकार को भेजे गए 17 विकासकार्यों के लिए प्रदेश सरकार ने 1 करोड़ 40 लाख 25 हजार रूपए मंजूर किए हैं। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि विकासकार्यों के लिए शीघ्र टेंडर प्रक्रिया पूरी करके काम शुरू किए जाएं।

क्षेत्रों के लोगों की मांग पर मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने संज्ञान लेते हुए 17 विकास कार्यों के एस्टीमेट तैयार करवाते हुए प्रदेश सरकार को मंजूरी के लिए भिजवाए थे। प्रदेश सरकार ने विधायक आदर्श नगर एवं ग्राम योजना (वैगी) के तहत प्राप्त प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने इस संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्रामीण क्षेत्र में 16 विकास कार्यों व नगर परिषद, गोहाना क्षेत्र में एक विकास कार्य के लिए 1 करोड़ 40 लाख 25 हजार रूपए की राशि के शीघ्र टेंडर लगाए जाएं ताकि इन विकास परियोजनाओं के पूरा होने से आमजन को लाभ मिल सके। यही नहीं, मंत्री ने इसी योजना के तहत 60 लाख रुपए के और विकासकार्यों के एस्टीमेट तैयार करने के भी निर्देश दिए हैं।

#### इन गांवों में होंगे विकास कार्य

सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने बताया कि गांव सरगथल में कश्यप चौपाल के निर्माण के लिए 11 लाख 11 हजार रूपए, परशुराम पार्क निर्माण के लिए 6 लाख 32 हजार रूपए, गांव सैनीपुरा में एससी चौपाल के निर्माण के लिए 11 लाख 11 हजार रूपए, गांव गामडी में लाइब्रेरी निर्माण के लिए 11 लाख 11 हजार रूपए, गांव बडौता में शिव मंदिर के नजदीक सैनी चौपाल के निर्माण के लिए 5 लाख 93 हजार रूपए, गांव बीधल में बडी चौपाल के निर्माण के लिए 11 लाख 11 हजार रूपए, गांव जौली में काला पाना चौपाल में कमरा, बरामदा व रसोई निर्माण के लिए 5 लाख 43 हजार रूपए, गांव सिटावली में श्मशान घाट में इंटरलाकिंग टाइल्स लगाने के लिए 6 लाख रूपए मंजूर किए गए हैं। इसके अलावा गांव चिटाना में सामान्य चौपाल लाकडा पाना के निर्माण के लिए 11 लाख 11 हजार रूपए, गांव भटाना जाफराबाद में गुडी वाला स्थान पर पार्क निर्माण के लिए 7 लाख 8 हजार रूपए, गांव बागडू में वाल्मीकि चौपाल के निर्माण के लिए 4 लाख 44 हजार रूपए, गांव भठगांव माल्यान में फरमाणा मार्ग से चौराहे वाली माता स्थान तक इंटरलाकिंग गली निर्माण के लिए 11 लाख 30 हजार रूपए, गांव बडवासनी में ब्राहमण चौपाल के निर्माण के लिए 8 लाख 6 हजार रूपए, गांव महलाना में सामुदायिक भवन में हाल निर्माण के लिए 11 लाख 11 हजार रूपए मंजूर किए गए हैं। उन्होंने बताया कि गांव जुआं में ब्राहमण चौपाल के निर्माण के लिए 7 लाख 3 हजार रूपए, गांव खंदराई में एससी चौपाल के निर्माण के लिए 6 लाख रूपए व नगर परिषद गोहाना में वार्ड 12 में जैन मंदिर से जैन धर्मशाला तक गली निर्माण के लिए 6 लाख रूपए की राशि मंजूर की गई है।


डॉ. अरविंद शर्मा।



**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान मौजूद पुलिस कर्मी व अन्य।

### ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को दिया उन्नत प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण

**सोनीपत।** पुलिस उपायुक्त क्राइम एवं ट्रैफिक नरेंद्र कादयान के मार्गदर्शन में हैबीटेट क्लब सोनीपत में रेडक्रॉस शाखा की ओर से यातायात पुलिस के लिए उन्नत आपातकालीन प्रतिक्रिया एवं प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में सीडीआई उप निरीक्षक वीरेंद्र सिंह, पुलिस फार्मेसी अधिकारी देवेंद्र सिंह सहित करीब 50 पुलिसकर्मियों ने भाग लिया। जिला प्रशिक्षण अधिकारी संजय कुमार और फर्स्ट एड लेक्चरर नीरज ने हाई-टेक प्रोजेक्टर के माध्यम से पुलिसकर्मियों को रेडक्रॉस सोसाइटी के मानकों के अनुसार प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान पुलिसकर्मियों को रक्तस्राव नियंत्रण, ट्रॉमा केयर, वायुमार्ग प्रबंधन, सीपीआर, फ्रैक्चर स्थिरीकरण और सदमे की स्थिति में किए जाने वाले उपायों की व्यावहारिक जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं के तुरंत बाद दी गई सही प्राथमिक सहायता किसी की जान बचाने में निर्णायक साबित हो सकती है। डीसीपी नरेंद्र कादयान ने कहा कि पुलिसकर्मी सड़क हादसों के पहले प्रतिक्रिया कर्ता होते हैं, इसलिए उनका प्राथमिक चिकित्सा में दक्ष होना जरूरी है। इस तरह के प्रशिक्षण से न केवल घायलों को समय पर मदद मिलती है, बल्कि जिले की आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली भी और मजबूत होती है।